प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00 बजे

प्रधानमंत्री : वंदे मातरम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले एक वर्ष के स्मरणोत्सव का उद्घाटन करेंगे। संस्कृति मंत्रालय राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में उद्घाटन समारोह का आयोजन करेगा। यह आयोजन कल से अगले वर्ष 7 नवंबर तक चलने वाले एक वर्ष के राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव का औपचारिक शुभारंभ होगा। वर्ष भर चलने वाला यह स्मरणोत्सव इस कालातीत रचना के 150 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाएगा जिसने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को प्रेरित किया और राष्ट्रीय गौरव एवं एकता का अलख जगाता रहा है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले महीने की पहली तारीख को राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी समारोहों को मंजूरी दी थी।

भाजपा

सोलन जिले के बद्दी में चल रही भारतीय जनता पार्टी की दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आज दूसरा व अंतिम दिन है। कार्यशाला में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाई जा रही है और संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की जा रही है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे

*भाजपा की दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आज दूसरा दिन है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल की अध्यक्षता में चल रही कार्यशाला में भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन पदाधिकारियों को 2027 के चुनावों में सत्ता वापसी को लेकर मार्गदर्शन दे रहे हैं। आज कार्यशाला के दूसरे दिन अलग–अलग प्रकोष्ठों जो विभिन्न प्रकार के वर्गों में समाज में काम करने के लिए बनाए गए हैं उन सभी प्रकोष्ठों का एक विशिष्ट वर्ग होगा। बूथ लेवल से लेकर प्रदेश तक का संगठन को चाक चौबंद किया जाएगा। कार्यशाला में भाजपा ने समाज के अलग–अलग वर्गों में किस प्रकार से पार्टी के कार्य का विस्तार हो और 2027 विधानसभा चुनाव के किस तरह से सत्ता वापसी हो इसको लेकर संपूर्ण योजना बनाई गई। आकाशवाणी समाचार के लिए शिमला से मैं योगराज शर्मा*

सम्मेलन

वितीय धोखाधड़ी सहित दूरसंचार सुरक्षा के विभिन्न मुद्दों पर उत्तरी क्षेत्र सम्मेलन आज सोलन जिले के क्यारीघाट में आयोजित होगा। दूरसंचार मुख्यालय के तत्वाधान में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में करीब छह राज्यों के 100 से अधिक प्रतिनिधि व निजी दूरसंचार कंपनियों के साथ सुरक्षा से जुड़े अधिकारी भी शामिल होंगे। इस सम्मेलन में साइबर वित्तीय धोखाधड़ी, दूरसंचार संसाधनों

के दुरुपयोग और अवैध दूरसंचार संचालन जैसी उभरती सुरक्षा चुनौतियों पर विचार विमर्श किया जाएगा।

जायजा

पोस्ट डिजास्टर नीड असेसमेंट टीम ने कल कुल्लू जिला के आपदा प्रभावित क्षेत्रों अखाड़ा बाज़ार, छरुडू, सेयुबाग, बागन, भूट्टी, शाड़ाबाई, सारी, गुशैनी व बांदल गांवों का दौरा कर वर्षा से हुए नुकसान का जायज़ा लिया। इस टीम ने आपदा प्रभावित विभिन्न विभागों की क्षतिग्रस्त स्कीमों को पहुंचे नुकसान का आकलन कर सभी विभागों को भविष्य में पूरी वैज्ञानिक पद्धति से सतत व टिकाऊ डिजाइन बनाकर निर्माण करने का सुझाव भी दिया।

जीएसटी

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा 22 सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी उत्सव के अंतर्गत लागू की गई संशोधित जी.एस.टी. दरों से देशभर के कई क्षेत्रों में लोगों को लाभ हो रहा है। आज हम आपको बताएंगे कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से किस तरह इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग क्षेत्र में तेजी आ रही हैं। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे सहयोगी–

डिस्पैच–

नए जीएसटी सुधारों ने प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर करों में कमी करके इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र को महत्वपूर्ण राहत प्रदान की है। मॉनिटर और प्रोजेक्टर पर जीएसटी की दरें 28 प्रतिशत टैक्स लैब से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है जिससे स्कूलों और कार्यालय का खर्च कम हुआ है इसके साथ ही एयर कंडीशनर डिशवॉशर और टेलीविजन सहित विभिन्न घरेलू इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं पर जीएसटी घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है जिससे लोगों के लिए घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स किफायती हो गए हैं। इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं पर जीएसटी दरों को युक्ति संगत बनाने से लागत कम हुई है, पूरे क्षेत्र में मांग बढ़ी है और घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को भी बल मिला है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन की शुरूआत खिली धूप से हुई है। हालांकि मैदानी क्षेत्रों सुंदरनगर व बिलासपुर में कहीं–कहीं कोहरा भी छाया हुआ है। प्रदेश के उच्च पर्वतीय इलाकों में पिछले दिनों हुई बर्फबारी के बाद ठंड बढ़ गई है। जनजातीय जिला लाहौल–स्पीति में पारा माइनस में दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग ने आगामी 11 नवंबर तक प्रदेश भर में मौसम के साफ रहने की संभावना जताई है।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आम सुन सकते हैं दोपहर बाद 3 बजे। नमस्कार